2.	Jambulkheda medium irrigation tank project, distt. Gandchiroli	January 1995	-do-
3.	Hattigota medium irrigation project, Disttt. Chandrapur.	February 1996	Under Process
4.	Rammohanpur new minor irrigation tank project, Distt. Gadchiroli.	June 1996	—do—
5.	Construction of Gultara—II percolation tank (Dhule Distt).	June 1996	-do-
6.	Construction of Urmilanal-II percolation tank (Dhule Distt).	June 1996	-do-
7.	Construction of Bagda-I percolation tank.	June 1996	-do-
8.	Construction of percolation tank at Umarti (Jalgaon Distt.)	June 1996	—do—

INDUSTRY NIL

POWER NIL

ROADS NIL

रेलवे में कर्षण-क्षमता एवं चल-स्टाक में वृद्धि

1402. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेलवे की आधुनिकीकरण योजना में, रेल इंजनों की कर्षण-क्षमता एवं चल-स्टाक में वृद्धि करने से संबंधित प्रौद्योगिकी प्राप्त करने हेतु रेलवे का नवीनतम प्रस्ताव क्या है;

(ख) क्या विदेशों से प्रौद्योगिकी अर्जित करना आवश्यक हो गया है; और

(ग) यदि हां, तो उन देशों के नाम क्या हैं, जो प्रौद्योगिकी प्रदान करने के लिए सहमत हैं तथा इस संबंध में उनके द्वारा निर्धारित शर्तें क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) रेलें (i) 6000 अश्व शक्ति वाले 3 फेज ए०सी० विद्युत रेल इंजन (ii) 4000 अश्व शक्ति वाले आधुनिक ईंधन कुशल डीजल रेल इंजन (iii) आधुनिक हल्के भार वाले सवारी डिब्बों के निर्माण हेतु नवीनतम प्रौद्योगिकी प्राप्त कर रही है।

(ख) जी हां।

(ग) नीचे तालिका में दिए गए ब्यौरे के अनुसार भारतीय रेलों को प्रौद्योगिकी के अंतरण हेतु संविदाएं हस्ताक्षरित कर दी गई हैं।

मद	सहयोगी	प्रौद्योगिकी अंतरण हेतु कीमत
6000 अश्व शक्ति वाले 3 फेज ए सी विद्युत रेल इंजन	स्विट्जरलैंड	9.2 मिलियन + स्विस फ्रैंक 19.2 मिलियन डयूस मार्क
4000 अश्व शक्ति वाले आधुनिक ईंधन कुशल डीजल रेल इंजन	यू०एस०ए०	17.5 मिलियन अमरीकी डालर
आधुनिक हल्के भार वाले सवारी डिब्बे	जर्मनी	20.8 मिलियन डयूस मार्क